देश के औद्योगिक नक्शे पर चमका तमिलनाडु

- उत्पादन के मामले में गुजरात आगे
- राष्ट्रीय आय में महाराष्ट्र अव्वल

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

चेन्नई, 7 नवंबर. देश में कारखानों की संख्या के मामले में तमिलनाडु और उत्पादन में गुजरात सबसे आगे हैं. वहीं, उत्पादन के मामले में गुजरात और राष्ट्रीय आय में योगदान देने के मामले में महाराष्ट्र अव्वल स्थान पर है.

सांख्यिकी मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में छोटे कारखानों की संख्या सर्वाधिक है, पर कुल पूंजी का 79.59 फीसदी बड़े उद्योगों के पास है. 2.18 लाख कारखानों में 2.10 करोड़ लोगों को रोजगार- देश के 2.18 लाख कारखानों में 2.10 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है. एक औसत कारखाना 96 लोगों को रोजगार देता है. इसमें 2,339 लाख रुपये की स्थायी पूंजी लगी होती है.

यह 7,561 लाख रुपये मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करता है. इससे राष्ट्रीय आय में 1,052 लाख रुपये का शुद्ध मूल्य संवर्धन होता है. इन कारखानों ने कर्मचारियों को 8.03 लाख करोड़ रुपये का पारिश्रमिक दिया. विनिर्माण क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए तमिलनाडु के मजबूत कारखाना नेटवर्क, गुजरात की निवेश एवं उत्पादन क्षमता और महाराष्ट्र के मूल्य संवर्धन व औद्योगिक उत्पादकता का समन्वय जरूरी है.



प्रमुख उद्योगों का योगदान

खाद्य उत्पाद उद्योग उत्तर प्रदेश के कुल औद्योगिक उत्पादन में 22.02 फीसदी योगदान के साथ सबसे आगे है. खाद्य उद्योग के कुल उत्पादन में उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र की संयुक्त हिस्सेदारी 37.61 फीसदी है. रसायन एवं रासायनिक उत्पाद उद्योग में गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश मिलकर 56.31 फीसदी उत्पादन करते हैं. रोजगार देने में खाद्य उत्पाद उद्योग 11.24 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है. इसके बाद कपड़ा उद्योग 8.37 फीसदी और बुनियादी धातु उद्योग 7.54 फीसदी पर हैं.

टाटा स्टील का क्यू2 मुनाफा 16% बढ़ा, 3,699 करोड़ दर्ज

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. भारत की दिग्गज इस्पात निर्माता कंपनी टाटा स्टील ने 2026-27 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के शानदार वित्तीय नतीजे जारी कर दिए हैं. मजबूत घरेलू मांग और बेहतर परिचालन दक्षता के दम पर कंपनी के प्रदर्शन में तगड़ा उछाल देखने को मिला है. टाटा स्टील ने घोषणा की है कि सितंबर तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 16.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,699.59 करोड़ तक पहुंच गया है. पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी को 3,183.09 करोड़ का मुनाफा हुआ था. कंपनी के परिचालन से प्राप्त समेकित राजस्व में भी जोरदार सुधार दर्ज किया गया है.

टाटा कंज्यूमर के प्रमुख अब वोल्टास अध्यक्ष

- नोएल टाटा चेयरमैन एमेरिटस बने
- सुनील डी'सूजा चुने गए नए अध्यक्ष

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. टाटा समूह की प्रमुख कूलिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनी वोल्टास लिमिटेड में बड़े संगठनात्मक बदलाव की घोषणा की गई है.

टाटा ट्रस्ट्स के अध्यक्ष नोएल टाटा अपनी आयु सीमा के चलते 11 नवंबर 2026 को वोल्टास के चेयरमैन और निदेशक पद से सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं.

कंपनी के बोर्ड ने उनके दीर्घकालिक योगदान को सम्मान देते हुए 12 नवंबर 2026 से उन्हें 'चेयरमैन एमेरिटस' नियुक्त किया है. कंपनी अधिनियम 2013 और टाटा समूह के कड़े शासन दिशानिर्देशों के तहत यह बदलाव हुआ है, जिसके अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी पूर्णकालिक निदेशक पद पर नहीं रह सकता. नोएल टाटा 2003 से इस प्रतिष्ठित कंपनी के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में वोल्टास ने बाजार में अपनी स्थिति को बेहद मजबूत किया है.



वोल्टास के बोर्ड ने नए अध्यक्ष के रूप में सुनील डी'सूजा के नाम पर मुहर लगा दी है. सुनील डी'सूजा वर्तमान में टाटा समूह की प्रमुख एफएमसीजी इकाई, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं. टीसीपीएल के तहत टाटा सॉल्ट, टाटा टी, टेटली और टाटा संपन्न जैसे दिग्गज ब्रांड संचालित होते हैं. उनकी कॉरपोरेट नेतृत्व क्षमता और व्यापक व्यावसायिक अनुभव को देखते हुए वोल्टास के अगले विकास चरण की कमान उन्हें सौंपी गई है, जो 12 नवंबर 2026 से प्रभावी होगी.

म्यूचुअल फंड्स के लिए सेबी का बड़ा फैसला

- 1 अप्रैल 2027 से बदल जाएगा पेमेंट का तरीका

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने म्यूचुअल फंड उद्योग और निवेशकों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसला लिया है.

बाजार नियामक सेबी ने एक संशोधित निपटान ढांचा पेश किया है, जिसके तहत म्यूचुअल फंड्स को इक्विटी कैश मार्केट में पात्र खरीद और बिक्री लेनदेन को 'नेट फंड्स' आधार पर निपटाने की अनुमति मिल जाएगी. आगामी 5 नवंबर 2026 को घोषित यह नया नियम औपचारिक रूप से 1 अप्रैल 2027 से पूरे देश में लागू किया जाएगा. इस कदम का मुख्य उद्देश्य एएमसी यानी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के सामने आने वाली अस्थायी वित्तीय और नकदी संबंधी आवश्यकताओं को कम करना तथा समग्र निपटान दक्षता में उल्लेखनीय सुधार लाना



है. मौजूदा निपटान प्रणाली के नियमों के तहत, म्यूचुअल फंड योजनाओं के खरीद दायित्वों को आमतौर पर उस अवधि में बेची जाने वाली प्रतिभूतियों से प्राप्त होने वाली आय से पूरी तरह स्वतंत्र रखा जाता है.

इसके परिणामस्वरूप, फंड्स को अक्सर अनावश्यक रूप से अस्थायी नकदी या वित्तीय आवश्यकताओं का सामना करना पड़ता था, भले ही वे ठीक उसी निपटान चक्र के दौरान एक ही समय में प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री दोनों कर रहे हों. इस नई नेटिंग प्रक्रिया के शुरू होने से फंड मैनेजरों का परिचालन दबाव काफी हद तक कम होगा और पूंजी का अधिक कुशल उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा.

गिरावट के बीच भारतीय शेयर बाजार गुलजार

एफआईआई के मजबूत भरोसे से निवेशकों ने कमाए 1 लाख करोड़

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. वैश्विक शेयर बाजारों में चारों तरफ मचे हाहाकार और बिकवाली के भारी दबाव के बीच भारतीय शेयर बाजार ने एक ऐसी करिश्माई छलांग लगाई, जिसने सबको हैरान कर दिया.

अमेरिकी शेयर बाजार में 19 महीनों की सबसे बड़ी एक दिनी गिरावट दर्ज की गई और एशियाई बाजार भी दबाव में थे, जिसके चलते भारतीय बाजार ने भी शुक्रवार को कमजोर शुरुआत की थी. लेकिन कारोबार आगे बढ़ने के साथ ही बाजार का रुख पूरी तरह बदल गया और घरेलू तथा विदेशी निवेशकों ने जमकर लिवाली शुरू कर दी. सेंसेक्स अंतत: 81,028 के मजबूत स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 ने 25,000 का मनोवैज्ञानिक आंकड़ा सफलतापूर्वक छू लिया. इस अप्रत्याशित और शानदार तेजी के दम पर एक ही कारोबारी सत्र के भीतर निवेशकों की कुल संपत्ति में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का भारी इजाफा हुआ.अमेरिका में एआई से जुड़ी कंपनियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बढ़ती नियामक चिंताओं तथा अमेरिकी मिडटर्म चुनावों के बाद बने अनिश्चितता के माहौल के कारण वहां टेक शेयरों में भारी बिकवाली हुई. इसके विपरीत, भारत के मजबूत बुनियादी और आर्थिक संकेतों के चलते विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में छह साल की सबसे बड़ी खरीदारी करते हुए अपना भरोसा जताया है.

सोना-चांदी में नवंबर के पहले हफ्ते में मामूली तेजी

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर। नवंबर महीने के पहले कारोबारी हफ्ते में घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में मामूली तेजी दर्ज की गई है. एक हफ्ते में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम में 1,398 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोना अब 1.41 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है. पिछले हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन यानी 30 अक्टूबर को सोना 1.40 लाख रुपए पर बंद हुआ था. वहीं दूसरी ओर, सफेद धातु यानी चांदी की चमक में भी हल्का सुधार देखा गया है; 1 किलो चांदी की कीमत 1,524 रुपए बढ़कर 1.83 लाख रुपए पर पहुंच गई है, जबकि 30 अक्टूबर को चांदी 1.81 लाख रुपए पर थी. इस साल सोने और चांदी की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है. इस साल 29 जनवरी को चांदी अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 3.86 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई थी, जिसके मुकाबले वर्तमान में चांदी करीब 2 लाख रुपए सस्ती बिक रही है. इसी प्रकार, 29 जनवरी को 24 कैरेट सोना 1.76 लाख रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था, जिससे तुलना करें तो सोना अभी लगभग 35 हजार रुपए सस्ता मिल रहा है.



बॉश के निवेशकों के लिए बड़ा तोहफा, 10 शेयर बनेंगे 200

नई दिल्ली, 7 नवंबर. भारतीय शेयर बाजार के सबसे महंगे शेयरों में शुमार दिग्गज कंपनी बॉश लिमिटेड ने अपने निवेशकों के लिए एक बेहद आकर्षक और बड़ा कॉर्पोरेट एक्शन का ऐलान किया है. कंपनी ने अपने तिमाही वित्तीय परिणामों की घोषणा के साथ-साथ 1:5 के स्टॉक स्प्लिट और 3:1 के बोनस शेयर देने की घोषणा की है. इस शानदार सौगात के बाद निवेशकों के पास शेयरों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो जाएगी. यदि कोई निवेशक इस पूरी प्रक्रिया से पहले कंपनी के 10 शेयर रखता है, तो स्टॉक स्प्लिट और बोनस इश्यू की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसके पास कुल 200 शेयर हो जाएंगे.बॉश के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 6 नवंबर 2026 को हुई अपनी बैठक में इन प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी है. इसके तहत ?10 फेस वैल्यू वाले प्रत्येक मौजूदा शेयर को 1:5 के अनुपात में 5 शेयरों में बांटा जाएगा. इसके तुरंत बाद 3:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए जाएंगे.

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी

- 100 डॉलर के नीचे आया ब्रेंट क्रूड
- दिल्ली में पेट्रोल 102.12, डीजल 95.20 प्रति लीटर

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिका और ईरान के बीच संभावित कूटनीतिक सुलह के संकेतों के चलते कच्चे तेल की कीमतों में राहत देखने को मिली है. ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 100 डॉलर प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 97.76 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है.

पिछले महीने तक 117 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छूने वाले कच्चे तेल में आई यह नरमी भारत जैसे प्रमुख तेल आयातक देश के लिए एक बड़ी राहत मानी जा रही है. हालांकि, सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने 7 नवंबर को भी घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव न करते हुए दरों को स्थिर रखा है. देश की राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 प्रति लीटर बनी हुई है, जबकि प्रीमियम 5 109.24 प्रति लीटर बिक रहा है. वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में पेट्रोल 102.12, गुरुग्राम में 102.97 और फरीदाबाद में 103.28 प्रति लीटर दर्ज किया गया.



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पेट्रोल 14.57 और डीजल 99.64 प्रति लीटर के स्तर पर बरकरार है. बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 113.37, जयपुर में 112.69 और रांची में 105.26 प्रति लीटर मिल रहा है. पहाड़ी व केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ में पेट्रोल 101.51, देहरादून में ?100.55 और शिमला में 103.25 प्रति लीटर उपलब्ध है. क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट के बावजूद वैश्विक अनिश्चितता और उच्च रिफाइनिंग मार्जिन के चलते फिलहाल घरेलू स्तर पर कटौती की संभावना सीमित दिखाई दे रही है.

बीएसएनएल की संपत्ति बेचेगी सरकार

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. कर्ज के बोझ से जूझ रही सरकारी दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल की 9,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां सरकार अगले वित्त वर्ष 2027-28 में बेचेगी. इससे मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कंपनियों का कर्ज चुकाने में किया जाएगा. इस योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है.

दूरसंचार और डाक विभाग के सरकारी उपक्रमों पर करीब 50,000 करोड़ रुपये की देनदारी है. इसमें लगभग 30,000 करोड़ रुपये के सरकारी गारंटी वाले बॉन्ड भी शामिल हैं. इन देनदारियों को चुकाने के लिए सरकार ने हर साल 4,000 से 5,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों से आय जुटाने की योजना बनाई है. पहले डाक विभाग, दूरसंचार विभाग, बीएसएनएल और एमटीएनएल की संपत्तियों के मालिकाना हक को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी. पिछले दो वर्षों में इस समस्या को

> धूत ने सिलीगुड़ी परियोजना से 36 महीने में 600 करोड़ रुपये चुकाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे न्यायाधिकरण ने 17 जुलाई को प्रस्ताव खारिज कर दिया. इसके बाद एसबीआई ने 24 सितंबर को दिवालिया प्रक्रिया के लिए याचिका दायर की.

सुलझाया गया है. करीब 862 संपत्तियों के मामलों का निपटारा इस आधार पर हुआ कि हर विभाग अपनी संपत्ति अपने पास रखेगा.

आधार डॉक्यूमेंट अपडेट 14 जून 2027 तक मुफ्त

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आधार कार्ड में पहचान और पते से जुड़े दस्तावेजों को ऑनलाइन अपडेट करने की मुफ्त सुविधा की समयसीमा को 14 जून 2027 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे नागरिकों को घर बैठे अपने आधार डेटा को अद्यतन रखने का एक बड़ा और निःशुल्क अवसर मिल गया है.

यह मुफ्त सुविधा केवल माईआधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जाने वाले डॉक्यूमेंट अपडेट पर ही लागू होती है, जबकि नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर या बायोमेट्रिक विवरण में बदलाव कराने के लिए अलग प्रक्रिया और निर्धारित शुल्क लागू रहते हैं. घर बैठे इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए नागरिकों को यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर माई आधार पोर्टल खोलना होगा.

महायुति-अघाड़ी के बीच वर्चस्व की लड़ाई

- महाराष्ट्र में गोकुल डेयरी चुनाव में सियासी घमासान

मुंबई. महाराष्ट्र की राजनीति में कोल्हापुर की गोकुल डेयरी का चुनाव अब महज एक सहकारी संस्था के अध्यक्ष के चयन तक सीमित नहीं रह गया है. इसके बहाने राज्य में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच राजनीतिक वर्चस्व की नई लड़ाई छिड़ गई है.



कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे तक के इस विवाद में कूदने और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का जवाब देना इसकी राजनीतिक अहमियत बताता है. पांच नवंबर को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा सहकारी संस्थाओं में सरकारी मनोनीत संचालकों की नियुक्ति का रास्ता खोलने के फैसले ने इस टकराव को नया मोड़ दे दिया है.

गोकुल डेयरी यानी कोल्हापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के संचालक मंडल के चुनाव में कांग्रेस नेता सतेज पाटिल समर्थित पैनल को 13 और महायुति समर्थित पैनल को 12 सीटें मिली हैं. इस तरह विपक्षी खेमे को एक सीट की बढ़त मिली, लेकिन अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया बहुमत और अनुपस्थिति के विवाद में उलझ गई. अब 10 नवंबर को अध्यक्ष पद का चुनाव होना है. मुंबई उच्चन्यायालय की कोल्हापुर पीठ के निर्देश के बाद 25 निर्वाचित संचालकों को बैठक के लिए नोटिस जारी किए गए हैं. इस बीच राज्य सरकार ने 500 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक कारोबार वाली पात्र सहकारी संस्थाओं में पांच सरकारी मनोनीत सदस्य नियुक्त करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दे दी है. इनमें चार विशेषज्ञ सदस्यों को मतदान का अधिकार देने का प्रस्ताव है. राजनीतिक विवाद की असली वजह यही है.

विपक्ष का आरोप है कि चुनाव में मिले जनादेश को बदलने के लिए सरकार कानूनी रास्ता तलाश रही है.

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग निर्माण शाखा मुख्या जबलपुर
खुली निविदा (दो पैकट प्रणाली)

मुख्य अभियंता/प्रोक्योरमेंट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर द्वारा तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना संख्या CPCWCR-15-2026 दिनांक 05.11.2026 के विरुद्ध ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तिथि 30.11.2026 को 15:00 बजे होगी। निविदाकर्ता केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकेंगे। उपर्युक्त निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाला कोई भी मैनुअल ऑफर अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी। **एनआईटी संख्या** : CPCWCR-15-2026, दिनांक : 05.11.2026, **कार्य का नाम एवं स्थान** : भोपाल में DRM ऑफिस के पास हबीबगंज में मौजूदा रेलवे कंस्ट्रक्शन ऑफिस (सृजन कॉम्प्लेक्स) के ऊपर और फ्लोर्स का कंस्ट्रक्शन, हबीबगंज ऑफिसर्स कॉलोनी में 8 नए टाइप-V क्वार्टर्स का कंस्ट्रक्शन और इटारसी में कैंप ऑफिस और 2 टाइप-V क्वार्टर्स का रिपेयर और रिनोवेशन, जिसमें संबंधित इलेक्ट्रिकल और S&T काम शामिल हैं। **कार्य की अनुमानित लागत** (₹) : 231953132.34, **निविदा दस्तावेज की लागत** (₹) : 0.00, **अर्नेस्ट मनी/बयाना राशि** (₹) : 4639100.00, **पूर्णता अवधि (माह)** : 12 माह मानसून सहित, ई-निविदा बंद एवं खोलने की तिथि/समय : 30.11.2026, को 15:00 बजे बंद तथा 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी, निविदाकर्ताओं को अपनी बोली IREPS वेबसाइट के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना आवश्यक है। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें। इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू होंगे। **(हस्ता.)**

उप मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)
मुख्या/निर्माण, प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

चुनाव से पहले नितिन का 'नवीन फॉर्मूला'



लखनऊ. उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की आहट के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को चुनावी मोड में लाने की कवायद तेज कर दी है. सीएम योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के भीतर एकजुटता और कार्यकर्ताओं के सम्मान का जो संदेश दिया, उसके राजनीतिक मायने दूर तक नजर आते हैं.

उनका जोर केवल चुनावी तैयारियों पर नहीं, बल्कि संगठन की उस कड़ी को मजबूत करने पर रहा, जो पार्टी की जीत की जमीन तैयार करती है.गोरखपुर के एनेक्सी भवन में प्रदेश, क्षेत्रीय और जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई. इसमें नितिन नवीन ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा. उन्होंने कार्यकर्ताओं की अहमियत बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता सम्मान का भूखा होता है. पदाधिकारियों को संगठन की अंतिम पंक्ति में खड़े कार्यकर्ता तक पहुंचना चाहिए. उनका कहना था कि चुनावी सफलता के लिए केवल बड़े नेताओं की भूमिका काफी नहीं है. बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का भरोसा और सक्रियता भी जरूरी है. नितिन नवीन ने पदाधिकारियों को आपसी मनमुटाव सार्वजनिक करने के बजाय बंद कमरे में सुलझाने की सलाह दी.

अभिषेक की सक्रियता अमितोष भी एक्टिव

पटना. बाढ़ अनुमंडल के मोकामा में छठ घाटों की सफाई और मरम्मत के बहाने राजनीतिक हलचल भी तेज होती दिख रही है.

विधायक अनंत सिंह की इस घोषणा के बाद कि उनके बेटे विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं, मोकामा में राजनीतिक गहमागहमी बढ़ती जा रही है और दो बड़े पक्षों के बीच राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की होड़ शुरू होती दिख रही है. इसी कड़ी में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के पुत्र अमितोष सिंह भी क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं. अमितोष की ओर से मोकामा के 38 छठ घाटों की मरम्मत और सफाई का काम कराया जा रहा है और इसको लेकर वह लगातार सोशल मीडिया में पोस्ट भी कर रहे हैं. दरअसल, लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मोकामा में घाटों की साफ-सफाई और मरम्मत का काम शुरू हो गया है.



इस क्रम में बाढ़ अनुमंडल के मोकामा क्षेत्र में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के पुत्र अमितोष सिंह की ओर से 38 घाटों को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की पहल की गई है. इसमें मेकरा घाट, छह लेन घाट, बरहपुर घाट और बाटा मोड़ घाट समेत कई प्रमुख घाट शामिल हैं. घाटों पर मरम्मत, सफाई और छठव्रतियों की सुविधा से जुड़े काम कराए जा रहे हैं.

उत्तर मध्य रेलवे

L. No. JHS-ELG-W-T-29-2026-27 दिनांकः 05.11.2026

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदियें आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.: झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-29-2026-27, **कार्य का विवरणः** विद्युत सामान्य कार्यः- झाँसी डिवीज़नः झाँसी डिवीज़न में 100 से अधिक रूट्स वाले RRI/EI बिल्डिंग्स में इंडस्ट्रियल-टाइप AC की व्यवस्था।

निविदा राशि (₹): 3,04,92,980/- मात्र।	बयाना राशि (₹): 6,09,900/-
कार्य समापन अवधिः 06 माह।	निविदा बंद होने की तिथिः 30.11.2026 (15:00 बजे तक)

नोटः (1) निविदाकार निविदा दिनांक **30.11.2026** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। **(2)** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **2544/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

आप और कांग्रेस के बीच छिड़ा पोस्टर वॉर

- दोनों में क्यों बढ़ रही हैं दूरियां?

नई दिल्ली. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच तकरार कोई नई बात नहीं है. लेकिन पंजाब चुनाव से पहले अब ये तीखी बयानबाज़ी निजी हमलों तक पहुंच गई है. विगत दिनों पंजाब के संगरूर में कांग्रेस की रैली में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जब भगवंत मान लोकसभा सांसद थे, तब सुबह 11 बजे भी उनके मुंह से शराब की गंध आती थी.

राहुल गांधी ने कहा कि अगर किसी राज्य में नशे के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़नी है तो वहां के मुख्यमंत्री को ख़ुद नशे से दूर रहना चाहिए. उन्होंने पंजाब सरकार पर दिल्ली से चलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां आधी कमान अमित शाह और



आधी अरविंद केजरीवाल के हाथ में है. आप नेता और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राहुल गांधी के बयान को उनके क़द के नेता के लिए छोटी बात बताया. उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस की सबसे बड़ी लड़ाई बीजेपी से है या विपक्षी पार्टियों से? इसके बाद दोनों पार्टियों के बीच सोशल मीडिया पर भी हमला तेज़ हो गया. आदमी पार्टी ने राहुल गांधी को लेकर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें उनपर व्यक्तिगत हमला किया गया. जवाब में कांग्रेस नेता बीवी श्रीनिवास ने अरविंद केजरीवाल की एक तस्वीर पोस्ट की, इसमें भी व्यक्तिगत हमला किया गया. दोनों पार्टियों के बीच यह टकराव ऐसे समय में बढ़ा है, जब पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं. लेकिन क्या इस लड़ाई की वजह सिर्फ़ पंजाब चुनाव है या दोनों पार्टियों के बीच राजनीतिक अविश्वास की जड़ें इससे कहीं गहरी हैं?

> एक तरफ़ दोनों पार्टियां ख़ुद को बीजेपी के ख़िलाफ़ विपक्षी राजनीति का हिस्सा बताती रही हैं, तो दूसरी तरफ़ कई राज्यों में एक-दूसरे की सबसे बड़ी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी हैं. पंजाब चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए सिर्फ़ एक राज्य की सत्ता बचाने का चुनाव नहीं है.

इचलकरंजी महानगरपालिका जि. कोल्हापूर
बांधकाम विभाग

जाहीर ई-निविदा सूचना क्रं. 14/2026-27 दि. 6/1/2026

- इचलकरंजी महानगरपालिकेकडील म.न.पा.फंड सन 2026-27 अंतर्गत महानगरपालिका मुख्य इमारत व अन्य इमारतीमधील विद्युतीकरण नूतनीकरण व अन्य अनुषंगिक 09 कामे मक्त्याने पुर्ण करुन घेण्यासाठी पात्र मक्तेदारांकडून ई-निविदा मागविणेत येत आहेत.
- सदर ई-निविदा http:mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. 7/11/2026 रोजी सकाळी 12.00 वाजले दि. 14/11/2026 दु.2.00 वाजेपर्यन्त पहावयास मिळेल.
- भरलेली निविदा सादर करणेची अंतिम दि. 14/11/2026 दुपारी 2.00 वाजेपर्यन्त राहील.
- शक्य झालेस निविदा दि. 16/11/2026 दुपारी 3.00 वाजता उपस्थित मक्तेदारांच्या समोर उघडणेत येईल.

तसेच निविदा संबंधी सर्व अटी व शर्तींची माहिती बांधकाम विभागात कार्यालयीन वेळेत व इ.म.पा नोटीस बोर्डावर तसेच http:mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर पहावयास मिळतील.

जा.क्रं./बांध/4859/2026 सही/-
महानगरपालिका कार्यालय अति. आयुक्त
दि. 06/11/2026 इचलकरंजी महानगरपालिका